# हम है वृंदावन के वासी हम राधे राधे गाते है भजन लिरिक्स

हम है वृंदावन के वासी,
हम राधे राधे गाते है,
हम है वृन्दावन के वासी।bd।

---

श्री राधा राधा कहने से,
राधा किरपा बरसाती है,
मिल जाते है कुन्जबिहारीजी,
जीवन की प्यास बुझ जाती है,
हम भोर भए वृन्दावन की,
परिक्रमा रोज लगाते है,
हम है वृन्दावन के वासी,
हम राधे राधे गाते है,
हम है वृन्दावन के वासी।bd।

---

आनंद नहीं वृन्दावन सो,
यहाँ बांके बिहारी रहते है,
वृन्दावन में आके देखो,
यहाँ राधे राधे कहते है,
निधिवन में मधुर श्याम श्यामा,
यहाँ आज भी रास रचाते है,
हम है वृन्दावन के वासी,
हम राधे राधे गाते है,
हम है वृन्दावन के वासी।bd।

---

श्री राधा नाम और वृन्दावन,
हमको प्राणो से प्यारे है,
वृन्दावन में रहकर देखा,
दुनिया से अलग नज़ारे है,
हम मधुर मधुर ब्रजवासिन के,
घर घर के टुकड़े खाते है,
**Bhajan Diary Lyrics,**
हम है वृन्दावन के वासी,
हम राधे राधे गाते है,
हम है वृन्दावन के वासी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम है वृंदावन के वासी,
हम राधे राधे गाते है,
हम है वृन्दावन के वासी।bd।

**Singer – Madhukar Kishore Das**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com